Email id -
seeudc1gzb@gmail.com
CUG Mob.-9193320111
CIN:U31200UP2003SGC027458

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
ए–ब्लॉक, हाईडिल कॉलोनी, कविनगर,
गाजियाबाद।

पत्रांक 2876/वि0न0वि0म0–प्रथम/गा0बाद दिनांक 03-02-2024

**विषयः–विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु आदेश।**

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक
राष्ट्रीय सहारा, नई दिल्ली।

विज्ञापन व्यवस्थापक
विराट वैभव, गाजियाबाद।

महोदय,

आपके प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र के एक अंक में आपके यह उपलब्ध छोटे से छोटे टाइप और कम से कम स्थान में दो कॉलम साइज में दिनॉक **04.02.2024** तक को प्रकाशनार्थ संलग्न विज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है। हैडिंग व नीचे के नाम व पते में भी बडा टाइप न लगायें तथा नाम व पता एक ही लाइन में छापें। विज्ञापन में शीर्ष पर पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 का मोनोग्राम एंव सबसे नीचे इस आदेश की संख्या व दिनॉक भी छोटे से छोटे टाईप में अवश्य प्रकाशित करें। इस निर्देशों के विपरीत छपे विज्ञापनों के बीजकों में आवश्यक कटौती करने के लिए पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 बाध्य होगा।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचना जैसे–बिजली बंद रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगने की सूचना, बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा ई–निविदा सूचनाओं का प्रकाशन ई–निविदा हेतू निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्ययवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतू प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क की बीजक तीन प्रतियां मे अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतू प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, विक्टोरिया पार्क, मेरठ को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन भुगतान सम्भव न होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी विज्ञापन का प्रकाशन हिन्दी भाषा में 8–10 प्वाइंट टाईप में एक ही कॉलम में किया जाये। अंग्रेजी भाषा सामग्री का प्रकाशन हिन्दी भाषा में अनुवाद के पश्चात ही करें जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्वतः एक सप्ताह के अन्दर विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बधित बीजक का सत्यापन भुगतान नही किया जायेगा।
5. टेन्डर/सूचना इत्यादि यदि आपको सूचना एवं जनसर्म्पक विभाग उ0प्र0 तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन देय स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन प्रकाशित न करें। अधोहस्ताक्षरकर्ता को अविलम्व इस आशय से सूचना देने का कष्ट करें।

विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाईप में "राष्ट्र हित में बिजली बचायें " का नारा तथा विद्युत चोरी का हेल्प लाइन नम्बर अवश्य दें।

**संलग्नकः–विज्ञापन सामग्री**

भवदीय

(महफूज़ आलम)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक : 2876/ वि0न0वि0मण्डल–प्रथम/गा0बाद दिनांकः– 03-02-2024

प्रतिलिपि निम्न को विज्ञापन सामग्री सहित सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रबन्ध निदेशक, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त निविदा को निगम की वेबसाईट पर डलवाने की कृपा करें।
2. मुख्य अभियन्ता(वि0),गाजियाबाद क्षेत्र–प्रथम, गाजियाबाद।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ। (ई–मेलः–propvvnlmrt@gmail.com)
4. सम्बन्धित निविदा पत्रावली।

(महफूज़ आलम)
अधीक्षण अभियन्ता

# पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0

## *अल्पकालीन ई–निविदा सूचना*

विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, गाजियाबाद के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु हल्के डीजल चलित वाहनों (लाइसेंसमय चालक सहित) को किराये पर रखने हेतु निम्न ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 19.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक भरी जा सकती है एवं 19.02.2024 को 17:00 बजे व उसके पश्चात खोली जायेंगी। निविदा संख्या, धरोहर राशि एवं सम्बन्धित कार्यालय/अधिकारी क्रमशः हैः–**56/2023-24/EUDC-1GZB** रू0–3120 मु0 अभि0(वि0)–प्र0, **57/2023-24/EUDC-1GZB** रू0–3000 अधी0 अभि0, वि0न0वि0म0–प्र0, **58/2023-24/EUDC-1GZB** रू0–3000 उपमुख्य लेखाधिकारी, **59/2023-24/EUDC-1GZB** रू0–3000 प्रवर्तन दल–प्र0, **60/2023-24/EUDC-1GZB** रू0–7920 अधि0 अभि0, वि0न0वि0ख0–प्र0, एवं एसडीओ–प्र0 एवं द्वि0, **61/2023-24/EUDC-1GZB** रू0–7920 अधि0 अभि0, वि0न0 वि0 ख0 –तृ0, एवं एसडीओ–प्र0 एवं द्वि0, **62/2023-24/EUDC-1GZB** रू0–7920 अधि0 अभि0, वि0न0वि0ख0–पं0, एवं एसडीओ– प्र0 एवं द्वि0, **63/2023-24/EUDC-1GZB** रू0–10560 अधि0 अभि0, वि0न0वि0ख0–न0, एवं एसडीओ–प्र0, द्वि0 एवं तृ0, **64/2023-24/EUDC-1GZB** रू0–13200 अधि0 अभि0, वि0न0प0ख0–प्र0, एवं सहा0 अभि0(मी0)–प्र0, तृ0, पं0 एवं न0। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। अर्हता सम्बन्धी विस्तृत सूचना, तिथि, धरोहर राशि, संशोधन/विस्तार तिथि आदि **https://etender.up.nic.in** एवं निगम की वेबसाईट **www.pvvnl.org** पर देखा जा सकता है।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, गाजियाबाद

Superintending Engineer
Electricity Urban Distribution Circle-I
Ghaziabad

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

दूरभाष सं0 : 0120–2820855
CIN: U31200UP2003SGC027458

कार्यालय
मुख्य अभियन्ता (वितरण)
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
गाजियाबाद क्षेत्र–प्रथम,
निकट 33/11 केवी उपकेन्द्र, राजनगर, गाजियाबाद।

पत्रांक–394 /मु0अ0गा0क्षे0–प्रथम/गा0बाद/वाहन/2024–25 दिनांक 02 FEB 2024

## कार्यालय ज्ञाप

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम गाजियाबाद** द्वारा अपने कार्यालय के पत्रांक–2800 दिनांक–24.01.2024 के माध्यम से **वित्तीय वर्ष 2024–25 (दिनांक–01.04.2024 से 31.03.2025 तक)** हेतु निम्नलिखित कार्यालय में उनके सामने अंकित हल्के डीजल चालित वाहन को वाह्य ऐजेन्सी के माध्यम से किराये पर रखने प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमति हेतु अनुरोध किया है।

एतद्द्वारा **अधीक्षण अभियन्ता (मु0) कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ** के पत्रांक–9361/प0वि0वि0नि0लि0/मु0/वाहन दर/2024–25 दिनांक–19.12.2023 के तालिका–क एवं तालिका–ख (पुलिस प्रवर्तन दल–शहरी गाजियाबाद) के अनुपालन में निम्नलिखित अनुमन्य अधिकारियो हेतु **वित्तीय वर्ष 2024–25 (दिनांक–01.04.2024 से 31.03.2025 तक)** के लिए **हल्के डीजल वाहन (चालक सहित)** बाह्य एजेन्सी से ई–निविदा के द्वारा किराये पर रखने हेतु आवश्यक प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमति प्रदान की जाती है:–

| क्र0सं0 | पद का नाम | वाहन अनुमन्य | सं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य अभियन्ता (वितरण) गाजियाबाद क्षेत्र–प्रथम गाजियाबाद। | कार | 01 नं0 |
| 2 | अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0) कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वि0) गाजियाबाद क्षेत्र गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 3 | उपमुख्य लेखाधिकारी, परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय (वि0) गाजियाबाद | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 4 | अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम गाजियाबाद। | कार | 01 नं0 |
| 5 | अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–प्रथम गाजियाबद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 6 | उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड–प्रथम, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 7 | उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड–द्वितीय, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 8 | अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–तृतीय गाजियाबद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 9 | उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड–प्रथम, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 10 | उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड–द्वितीय, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 11 | अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–पंचम, गाजियाबद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 12 | उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड–प्रथम, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 13 | उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड–द्वितीय, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 14 | अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–नवम गाजियाबद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 15 | उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड–प्रथम, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 16 | उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड–द्वितीय, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 17 | उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड–तृतीय, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 18 | अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय परीक्षण–प्रथम, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 19 | सहायक अभियन्ता (मीटर) विद्युत नगरीय परीक्षणशाला–प्रथम, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 20 | सहायक अभियन्ता (मीटर) विद्युत नगरीय परीक्षणशाला–तृतीय, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 21 | सहायक अभियन्ता (मीटर) विद्युत नगरीय परीक्षणशाला–पंचम, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 22 | सहायक अभियन्ता (मीटर) विद्युत नगरीय परीक्षणशाला–नवम, गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |
| 23 | कार्यालय पुलिस प्रवर्तन दल प्रथम (शहर), गाजियाबाद। | डीजल चालित वाहन | 01 नं0 |

**नियम व शर्ते–**

1. **उक्त समस्त वाहनों को किराये पर रखने की प्रकिया ई–निविदा के माध्यम से की जायेगी।**
2. उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन के आदेश सं0–295/कार्य/14/पाकालि/2000–2003 दि0–27.02.2003 द्वारा प्रदत्त प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों के अन्तर्गत उपरोक्त कार्य कराया जाये।
3. उपरोक्त वाहन **मुख्य अभियन्ता हेतु 26,000.00 अधिकतम, अधीक्षण अभियन्ता एवं उपमुख्य लेखाधिकारी स्तर के अधिकारियों एवं प्रवर्तन दल हेतु रु0–25,000/–अधिकतम तथा डीजल चालित वाहन हेतु अनुमन्य अधिकारियों के लिये रु0–22,000/– अधिकतम प्रतिमाह** के आधार पर वाहन चालक सहित किराये पर रखे जायेंगे तथा यह सुनिश्चित कर लें कि वाहन 3 वर्ष से अधिक पुराना न हो।
4. यदि कोई अधिकारी दोहरा कार्यभार वहन कर रहा है तो उसे केवल एक ही वाहन अनुमन्य होगा।
5. निगम मुख्यालय मेरठ द्वारा अपने उपरोक्त पत्र सं0–1292 दिनांक–16.02.2023 के द्वारा **प्रतिमाह उपभोग की अधिकतम सीमा** निम्नवत् निर्धारित की गयी है:–
   **अधीक्षण अभियन्ता (वितरण), शहरी हेतु–2500 कि0मी0, ग्रामीण 3000 कि0मी0, उपमुख्य लेखाधिकारी, परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय हेतु–2500 कि0मी0, अधिशासी अभियन्ता (वितरण/परीक्षण) शहरी हेतु–1500 कि0मी0, ग्रामीण–2500 कि0मी0, अधिशासी अभियन्ता (निर्माण/कार्यशाला/कार्य/जानपद/भण्डार) –2500 कि0मी0, सहायक अभियन्ता मीटर/कार्य/जनपद/कार्यशाला शहरी में 1500 कि0मी0, ग्रामीण 2000 कि0मी0 तथा सहायक अभियन्ता निर्माण/आई0टी0 2000 कि0मी0, उपखण्ड अधिकारी वितरण शहरी 1500 कि0मी0 ग्रामीण 2000 कि0मी0।**

(क्रमशः 02)

6. उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लि0 के कार्यालय आदेश सं0–903 / जी0ए0 / पाकालि–12 / 2002–5(26)जी0ए0 / 72 दिनांक–22.06.2002 के अनुसार जिन अधिकारियों को जीप आवंटित की जायेगी उनके वेतन से जीप हेतु रुपये 400 / –प्रतिमाह प्रति जीप काटे जायेंगे तथा कार आवंटित होने पर रु0 500 / –प्रति कार प्रति माह काटे जायेंगे। इस सम्बन्ध में यदि अन्य कोई आदेश प्राप्त होता है, तो वह नियमनुसार लागू होगा ।
7. उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लि0, लखनऊ के आदेश संख्या–1566 / जी0ए0 / सविप–12 / 97–5(2) जी0ए0 / 97 दिनांक 31.05.1997 के द्वारा निर्गत निर्देशों का पालन भी किराये पर रखे जाने वाले वाहनों के लिये किया जायेगा।
8. वाहन चालक सहित किराये पर लिया जायेगा एवं वाहन तथा चालक की उपलब्धता 24 घण्टे रहेगी। ड्राइवर की नाईट शिफ्ट का कोई भुगतान अलग से नहीं किया जायेगा। यह भी सुनिश्चित कर लें कि वाहन चालक को उचित मानदेय उपलब्ध हो जाये।
9. वाहन का प्रयोग करने वाले अधिकारी लॉग–बुक में नियमित रुप से प्रतिदिन प्रविष्टियाँ अंकित करेंगे तथा लॉग–बुक एकाउण्ट प्रतिमाह प्रेषित करेंगे।
10. ईधन पर होने वाला व्यय निगम द्वारा वहन किया जायेगा।
11. गाडी खराब होने की स्थिति में फर्म का दायित्व होगा कि दूसरी गाडी 02 घंण्टे के अन्दर उपलब्ध करायेगी अन्यथा की स्थिति में फर्म पर रु0 200.00 प्रति घण्टे की दर से पेनाल्टी (जिस अवधि में गाडी उपलब्ध नहीं होगी) फर्म के बीजक से काटी जायेगी तथा उस दिन के वाहन के किराये का भुगतान भी नही किया जायेगा।
12. ड्राईवर की उपलब्धता 24 घण्टे रहेगी तथा ड्राईवर के अनुपस्थित होनें की स्थिति में फर्म का दायित्व होगा कि दूसरे ड्राईवर को 02 घंण्टे के अन्दर उपलब्ध करायेगी अन्यथा की स्थिति में फर्म पर रु0 200.00 प्रति घण्टे की दर से पेनाल्टी (जिस अवधि में ड्राईवर उपलब्ध नहीं होगा) फर्म के बीजक से काटी जायेगी तथा उस दिन के वाहन के किराये का भुगतान भी नही किया जायेगा।
13. किराये पर लिये जाने वाले वाहनों का उपयोग केवल निगमीय कार्यो के निष्पादन हेतु ही किया जायेगा।
14. जिन अधिकारियों को आवंटित पुराने वाहन को निष्प्रयोज्य घोषित करके नीलाम नहीं किया गया है तथा धनराशि नही जमा करायी गई है, वहां किराये पर वाहन रखने हेतु प्रशासनिक / वित्तीय अनुमति तक तक प्रदान नही की जायेगी जब तक अप्रयोज्य वाहन की नीलामी के बाद धनराशि विभाग में जमा नहीं हो जायेगी। इसका पालन कराने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का होगा।
15. इस सम्बन्ध में निगम द्वारा समय–समय पर निर्गत प्रशासनिक एवं वित्तीय नियमों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा।
16. उपखण्ड अधिकारी द्वारा उक्त वाहन का प्रयोग राजस्व वसूली / कैम्पों हेतु भी किया जायेगा, जिसके लिए वे उक्त वाहन पर लाउडस्पीकर लगाकर व्यापक प्रचार–प्रसार भी कराना सुनिश्चित करेगें।

(नीरज स्वरुप)
मुख्य अभियन्ता

पत्रांक– 394 / मु0अ0गा0क्षे0–प्रथम / वाहन / तद्दिनांक– 02 FEB 2024

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक (का0 एवं प्रशा0), पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ।
2. अधीक्षण अभियन्ता (मु0), कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, गाजियाबाद।
4. उपमुख्य लेखाधिकारी, परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय (वि0) गाजियाबाद।

(नीरज स्वरुप)
मुख्य अभियन्ता